प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.10.2023 (सवेरे– 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ आज तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुह हसन की द्विपक्षीय वार्ता, दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर होंगे हस्ताक्षर।

2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज देवघर में सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का करेंगे शिलान्यास, 27 पंचायतों के किसानों को पहुंचेगा लाभ।

3. कोयला कर्मियों को मिलेगा 85 हजार रुपये बोनस, धनबाद में बीसीसीएल कर्मचारियों के बीच तीन सौ साठ करोड़ रूपये का होगा भुगतान।

4. मिशन इंद्रधनुष के तीसरे चरण की आज से शुरूआत, 14 अक्टूबर तक चलेगा टीकाकरण अभियान।
5. आईसीसी वर्ल्ड कप में भारत ने की विजयी शुरुआत, ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया।

*******************

तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों का आदान–प्रदान होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर तंजानिया की राष्ट्रपति भारत के चार दिन के राजकीय दौरे पर कल नई दिल्ली पहुंची। राष्ट्रपति हसन का आज राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में पारंपरिक स्वागत किया जाएगा और उसके बाद वे राजघाट पर पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए जाएंगी। तंजानिया की राष्ट्रपति कल नई दिल्लीं में होने वाले एक व्यापार और निवेश मंच में भाग लेंगी।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज देवघर के सारठ विधानसभा क्षेत्र के सिकटिया में चार सौ पचासी करोड़ पैंतीस लाख रूपये की लागत से बनने वाली मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना की आधारशिला रखेंगे। इस योजना के धरातल पर उतरने से विधानसभा क्षेत्र की सत्ताईस पंचायतों की एक लाख ग्यारह हजार से अधिक की आबादी को कृषि के मामले में लाभ होगा। वहीं तेरह हजार एक सौ चौसठ हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने का लक्ष्य इस योजना के माध्यम से रखा गया है। यह मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना सिकटिया अजय बराज के किसानों के लिए एक बड़ी और महत्वाकांक्षी सौगात के समान है।सिकटिया पहुंचकर मुख्यमंत्री भूमि पूजन के साथ इस महत्वाकांक्षी योजना की आधारशिला रखेंगे। इसके लिए सारी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री के साथ सम्बंधित विभाग के सचिव और अन्य वरीय पदाधिकारियों की भी मौजूदगी रहेगी। शिलान्यास के बाद मुख्यमंत्री जनता को संबोधित भी करेंगे।

*******************

देश भर के लगभग 2 लाख 33 हजार कोयला कर्मियों को इस वर्ष 85 हजार रुपये बोनस यानी परफार्मेंस लिंक रिवार्ड मिलेगा। वहीं धनबाद में कार्यरत बीसीसीएल के करीब 37 हजार कर्मचारियों के बीच तीन सौ साठ करोड़ का भुगतान किया जाएगा। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बोनस की रकम ग्यारह दशमलव एक एक प्रतिशत अधिक है। दिल्ली स्थित स्कोप भवन में कल प्रबंधन और यूनियनों की बैठक में इसपर निर्णय लिया गया। इस बैठक में कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। उम्मीद है कि 21 अक्टूबर तक बोनस की राशि कर्मियों के खाते में पहुंच जाएगी। तीन सौ बारह दिन की उपस्थिति पर ही कोयला कर्मियों को पूरा बोनस मिलेगा। वहीं कार्य के दौरान हटाए गए कर्मियों को बोनस का लाभ नहीं मिलेगा। कोल इंडिया बोनस मद में एक हजार नो सौ तीस करोड़ रुपये का भुगतान करेगी। इधर, समझौता होते ही कोयला कंपनियों ने तय राशि फीड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बैठक में कोल इंडिया डीपी विनय रंजन, बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता समेत ईसीएल डीपी आहुति स्वाईं, सीसीएल डीपी हर्ष नाथ मिश्रा, बीसीसीएल डीपी मुरली कृष्ण रमय्या और यूनियनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

******************

कोडरमा जिले के आकांक्षी प्रखंड मरकच्चो और जयनगर में आजीविका वृद्धि को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से महिलाओं को पीएम विश्वकर्म योजना समेत अन्य योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

******************

सघन मिशन इन्द्रधनुष के तीसरे चरण की आज से शुरूआत होगी। यह कार्यक्रम 14 अक्टूबर तक चलेगा। इसके अंतर्गत शून्य से लेकर पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को छूटे हुए टीके लगाए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आप अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर संपर्क कर सकते हैं।

******************

धनबाद  जिले की गोशालाओं में रहने वाले पशुओं के स्वास्थ्य की अब नियमित जांच होगी। इसे लेकर पशुपालन विभाग ने पशु चिकित्सकों की तैनाती की है। जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. आलोक सिन्हा ने कल कतरास और झरिया गोशाला का निरीक्षण कर पशुओं के स्वास्थ्य की जांच की। उन्होंने बताया कि बाहर से जब्त कर लाए गए अधिकतर पशु बीमार होते हैं, ऐसे में इस तरह के पशुओं का विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है।

******************

सरायकेला खरसावां जिले के खरसावां थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूटी पर सवार दो युवकों से पूछताछ में मामले का खुलासा हुआ। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों युवक हाल ही में पेयजल स्वच्छता विभाग की 63 पाइप चोरी कर बेच चुके थे और बाकी बचे पाइप की चोरी करने के लिए रेकी कर रहे थे।

******************

आईसीसी पुरुष विश्व कप क्रिकेट में, भारत ने कल चेन्नई के एम ए चिदंबरम स्टेडियम में विश्व कप 2023 के अपने पहले खेल में ऑस्ट्रेलिया को छह  विकेट से हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। ऑस्ट्रेलिया के दो सौ रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 41 ओवर 2 गेंदों में चार विकेट के नुकसान पर 201 रन बना लिए। विराट कोहली ने 85 और केएल राहुल ने नाबाद 97 रन बनाकर भारत को जीत दर्ज करने में मदद की। केएल राहुल को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मेन इन ब्लू ने विश्व कप का पहला मैच जीतने के ऑस्ट्रेलिया के 27 साल पुराने सिलसिले को भी तोड़ दिया। आज हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में न्यूजीलैंड का मुकाबला नीदरलैंड से होगा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2 बजे शुरू होगा।

******************

राज्य में मौसम साफ हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है। रांची स्थित भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने बताया कि इस बार मानसून की विदाई में देरी हो सकती है। बारह से तेरह अक्टूबर तक अधिकांश जिलों से मानसून की विदाई होगी। पूरे झारखंड से पंद्रह अक्टूबर तक पूरी तरह से मानसून के लौटने की उम्मीद है। इन दिनों तक न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

हमास और इजराईल के बीच युद्ध की खबर, राज्य से प्रकाशित लगभग सभी प्रमुख अखबारों की सुर्खियों में है। इसके साथ ही विश्व कप क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत से भारत के आगाज की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से जगह दी है।

प्रभात खबर ने लिखा है– हमास और इजराइल के बीच युद्ध में कूदा हिजबुल्ला, एक हजार अस्सी की मौत, साढ़े चार हजार घायल।

दुर्गोत्सव में रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर बजाने पर लगी रोक, सिर्फ खोया– पाया की होगी घोषणा, शीर्षक के साथ दैनिक भास्कर ने इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक हिन्दुस्तान ने पहले पन्ने पर लिखा है– जमीन घोटाला में पुलिस ने विष्णु अग्रवाल से रिम्स में और भानू से जेल में की पूछताछ।

दैनिक जागरण ने लिखा है–ऑनलाइन डाटा प्रबंधन में महारत हासिल करेंगी झारखंड की पंचायतें।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स औऱ द टाइम्स ऑफ इंडिया ने हमास और इस्राइल के बीच जंग की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

*******************